# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2025-26
# कक्षा - दसवीं
# हिंदी - अ (001)

निर्धारित समय - 3 घंटे　　　　　　अधिकतम अंक - 80

सामान्य निर्देश -

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(I) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(II) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं - क, ख, ग, घ

(III) खंड - क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमे उपप्रश्नो की सं० 10 है।

(IV) खंड - ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नो के उत्तर देना अनिवार्य है

(V) खंड - ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।

(VI) खंड घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।

(VII) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड - क

प्रश्न - ( अपठित बोध )　　　　　　अंक -

(1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 7

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | गरीबी के मुद्दे पर लंबे समय से गंभीर बहस होती आई है। इस बहस का एक बिंदु यह भी होता है कि आर्थिक वृद्धि का गरीबी पर क्या असर पड़ता है। अमूमन यही माना जाता है कि आर्थिक वृद्धि के विस्तार के साथ ही गरीबी का दायरा सिकुड़ता है। भारत में गरीबी का आकलन गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या से किया जाता है। जीवन निर्वाह के लिए वस्तुओं और सेवाओं की एक न्यूनतम कसौटी को गरीबी रेखा के तौर पर मान्यता दी गई है। चूंकि घरेलू सर्वेक्षणों से प्राप्त आमदनी के आंकड़े पूरी तरह विश्वसनीय नहीं तो भारत में गरीबी रेखा को निर्धारित करने के लिए प्रति व्यक्ति मासिक खपत को पैमाना माना गया है। पिछली सदी के छठे दशक में विकसित हुई इस पद्धति को आठवें दशक में संशोधित किया गया। | |
| | गरीबी के आकलन में सटीक डाटा जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही अहम गरीबी रेखा को भली-भांति रूप से परिभाषित करना भी है। इस कड़ी में घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण यानी एचसीईएस अहम भूमिका निभाता है। इस सर्वे में खानपान, परिधान, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी 350 श्रेणियों पर होने वाले खर्च को शामिल किया जाता है। एचसीईएस के हालिया आंकड़ों में गरीबी के | |

परिदृश्य की एक अलग कहानी दिखाई पड़ती है।

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | इसके आंकड़े गरीबी की मौजूदा और संभावित दशा-दिशा को दिखाते हैं। इससे जुड़े आँकड़ों के दूसरे चरण की जमीनी पड़ताल की प्रक्रिया अभी जारी है। उनके सामने आने के बाद हमें कुछ और ठोस आधार मिलेंगे, लेकिन जो आँकड़े सामने आए हैं, उनके व्यापक विश्लेषण से देश में उपभोग के रुझान को लेकर व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। इससे स्पष्ट है कि लोग अब केवल अनाज पर ही केन्द्रित न होकर अपने भोजन में दूध, मांस, फल और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को भी तरजीह दे रहे हैं। खानपान के रुझान में इस परिवर्तन का कृषि नीति, पोषण, स्वास्थ्य और जनकल्याण जैसे पहलुओं से गहरा सरोकार है। इस रुझान के प्रमुख निष्कर्षों की पड़ताल करें तो प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में भारी बढ़ोतरी हुई है। | |
| | (क) कथन - गरीबी का आकलन एच सी ई एस के बिना नहीं हो सकता है।<br>कारण - गरीबी का सटीक डाटा एच सी ई एस के द्वारा ही संभव है।<br>(A) कथन सही है, किंतु कारण सही है<br>(B) कथन और कारण दोनों गलत है<br>(C) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।<br>(D) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | (ख) गरीबी पर भारत में लंबे समय से बहस होती रही है क्योंकि | 1 |
| | (I) गरीबी को खत्म करना चाहते हैं | |
| | (II) देश के विकास में बाधक है | |
| | (III) गरीबी को मिटाने से आर्थिक विकास हो सकता है। | |
| | विकल्प – | |
| | (A) कथन (I) और (II) सही है | |
| | (B) कथन (I), (II) और (III) सही है | |
| | (C) केवल कथन (III) सही है। | |
| | (D) कथन (II) और (III) सही है। | |
| | (ग) भारत में गरीबी का आकलन किया जाता है — | 1 |
| | (A) प्रति व्यक्ति मासिक आमदनी पर | |
| | (B) घरेलू सर्वेक्षणों के आधार पर | |
| | (C) जीवन यापन के निम्नतम स्तर के आधार पर | |
| | (D) गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले का आकलन | |
| | (घ) गद्यांश के विषयवस्तु पर टिप्पणी कीजिए | 2 |
| | (ङ) कैसे कहा जा सकता है कि प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय में भारी बढ़ोत्तरी हुई है? | 2 |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| (2) | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस | |
| | पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 7. |
| | वह चित्र भी झूठा नहीं | |
| | तब प्रेम बचपन ही सही | |
| | संसार ही जब खेल था | |
| | तब दर्द था सागर नहीं | |
| | लहरों बसा उद्वेल था ; | |
| | पर रंग वह छूटा नहीं ; | |
| | उस प्यार में कुंठा न थी | |
| | तुम आज जिसमें भर गए, | |
| | तुम वह जहाँ कटुता न थी | |
| | उस खेल में छल कर गए ; | |
| | मैं हँस दिया, रूठा नहीं ; | |
| | उस चोट के अंदाज में | |
| | जो मिल गया, अपवाद था, | |
| | उस तिलमिलाती जाग में, | |
| | जो मिट गया, उन्माद था, | |
| | जो रह गया, टूटा नहीं | |
| | अभाव के प्रतिरूप ही | |
| | संस्कृति नया वैभव बनी | |
| | हर दर्द के अनुरूप ही | |
| | सागर बना गागर बनी, | |
| | कच्ची तरह फूटा नहीं ; | |
| | खोकर हृदय उससे अधिक | |

कुछ आत्मा ने पा लिया

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | विक्षोभ को सौन्दर्य कर | |
| | संसार पर बिखरा दिया | |
| | दे ही गया : लूटा नहीं। | |
| | (कुंवर नारायण) | |
| | (क) इस काव्यांश का दर्द कवि के लिए किस प्रकार है ? | |
| | (A) सामाजिक | |
| | (B) पारिवारिक | |
| | (C) सांसारिक | |
| | .(d) वैयक्तिक | |
| | (ख) कथन - कवि प्रेम में असफल होने पर भी नाराज नहीं है। | |
| | निष्कर्ष - कवि ने कुंठा और कटुता रहित प्रेम किया था। | |
| | (A) कथन गलत है किंतु कारण सही है | |
| | (B) कथन और कारण दोनों ही गलत है | |
| | (C) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है। | |
| | .(d) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या भी है। | |
| | (ग) प्रेम में छल होने पर भी कवि ने हँस दिया क्योंकि | |
| | (A) गम भुलाना जानता था | |

| Q.No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| | (B) कवि को दर्द सहना आता था | |
| | (C) कवि निश्छल प्रेम करता था | |
| | (d) कवि संसार को समझता था | |
| | (घ) कवि दर्द से निर्माण का पक्षधर है, कैसे? | 2 |
| | (ङ) 'कुछ आत्मा ने पा लिया' – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए? | 2 |
| | खंड- ख | |
| | (व्यावहारिक व्याकरण) | 20 अंक |
| 3. | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 1x4=4 |
| | (क) एक चश्मेवाला है जिसका नाम कैप्टन है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) | |
| | (ख) जब जाड़ा आता तब बालगोबिन भगत एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। (सरल वाक्य में बदलिए) | |
| | (ग) दोनों खीरों के सिर काटे और उन्हें गोदकर झाग निकाला। (रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए) | |
| | (घ) माँ ने बचपन में ही घोषित कर दिया था कि लड़का हाथ से गया। (आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए) | |

(ङ) पत्र पढ़ते ही पिताजी आग बबूला हो जाते थे।
(मिश्र वाक्य में बदलिए)

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 4. | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 1x4=4 |
| | (क) वह गिने-चुने चश्मे को नेताजी की मूर्ति पर लगा देता है। (कर्मवाच्य में बदलिए) | |
| | (ख) लेखक द्वारा नवाब साहब के सामने वाली सीट पर बैठा गया और खिड़की से बाहर का दृश्य देखने लगा। (कर्तृवाच्य में बदलिए) | |
| | (ग) बिना सहारा बालगोबिन भगत नहीं चल पाते हैं। (भाव वाच्य में बदलिए) | |
| | (घ) रामवृक्ष बेनीपुरी ने 'बालगोबिन भगत' पाठ की रचना की है। (वाच्य पहचान कर भेद बताइए) | |
| | (ङ) भाव की प्रधानता वाले वाक्य को आप किस श्रेणी में रखेंगे? | |
| 5. | निर्देशानुसार ~~'अलंकार'~~ 'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : | 1x4=4 |
| | (क) समूचा <u>गाँव</u> खेतों में उतर पड़ा है। | |
| | (ख) पानवाले ने साफ <u>बता दिया</u> था। | |
| | (ग) उनका चेहरा <u>सफ़ेद</u> बालों से ही जगमग किए रहता | |
| | (घ) <u>वह</u> हर वर्ष गंगा-स्नान करने जाते। | |
| | (ङ) <u>अरे वाह</u>! खीरे का स्वाद अद्भुत है। | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 6. | निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए : | 1x4=4 |
| | (क) ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि । | |
| | (ख) सहसबाहु सम सो रिपु मोरा । | |
| | (ग) छुअत टूट रघुपति नहीं दोसू । | |
| | (घ) मैं जग-मंदिर-दीपक सुंदर | |
| | (ङ) गिरिवर के उर से उठ-उठ कर | |
| | | |
| | खंड - ग | |
| | (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) | 30 |
| 7. | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | 1x5=5 |
| | आसाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। कहीं हल चल रहे हैं, कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी-भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं। औरतें कलेवा लेकर मेंड़ पर बैठी हैं। आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं। ठंडी पुरवाई चल रही। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार-सी कर उठी। यह क्या है - यह कौन है! यह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अँगुली एक-एक धान | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | के पौधे को, पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है। उनका | |
| | कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर | |
| | कुछ को ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और | |
| | कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के | |
| | कानों की ओर। | |
| | (क) बालगोबिन भगत के गाँव की विशेषता है - | |
| | कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - | |
| | (I) कृषि आधारित व्यवस्था है | |
| | (II) खेतों में गाँव के लोग आनंद ले रहे हैं | |
| | (III) आसमान में बादल घिरा है | |
| | (IV) ग्रामीण खेतों में गीत गा रहे हैं। | |
| | विकल्प - | |
| | (A) कथन (I) और (II) सही है | |
| | (B) कथन (I), (II) और (III) सही है | |
| | (C) कथन (II), (III) और (IV) सही है | |
| | (D) कथन (I), (II), (III) और (IV) सही है। | |
| | | |
| | (ख) कथन - आपके कानों में एक स्वर-तरंग झंकार | |
| | सी उठी। | |
| | कारण - बालगोबिन भगत खेतों में रोपनी | |
| | कर रहे हैं। | |
| | (A) कथन गलत है किंतु कारण सही है | |
| | (B) कथन और कारण दोनों ही गलत है। | |
| | ~~(C) कथन~~ और कारण | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | (C) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है | |
| | (D) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है। | |
| | (ग) औरतें कलेवा लेकर मेड़ पर बैठी हैं — पंक्ति में 'कलेवा' का क्या अर्थ है? | |
| | (A) भोजन | |
| | (B) पानी | |
| | (C) कुदाल | |
| | (D) खेती का सामान | |
| | (घ) धान के पानी-भरे खेत में कौन उछल रहा है? | |
| | (A) किसान | |
| | (B) औरतें | |
| | (C) बच्चे | |
| | (D) हलवाहे | |
| | | |
| | (ङ) इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? | |
| | (A) गाँव का मौसम | |
| | (B) गाँव का जीवन | |
| | (C) गाँव का परिवेश | |
| | (D) गाँव की संस्कृति | |
| | | |
| | | |

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न-8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए ? | 2×3=6 |
| | (क) हालदार साहब हमेशा चौराहे पर रुक कर नेताजी को क्यों निहारते रहे होंगे ? | |
| | (ख) लेखक ने पैसेंजर ट्रेन के सेकेन्ड क्लास में अधिक दाम देकर टिकट क्यों खरीदा होगा ? | |
| | (ग) बच्चों की परवरिश में माता-पिता की अहम् भूमिका होती है। 'एक कहानी यह भी' के आधार पर लेखिका के पिता के किन्ही दो उन बातों का उल्लेख कीजिए जिससे लेखिका के व्यक्तित्व में हीन भावना उत्पन्न रही ? | |
| | (घ) मुहर्रम के पर्व पर उनकी आँखें नम रहती है - पाठ 'नौबतखाने में इबादत' के आधार पर टिप्पणी कीजिए ? | |
| | | |
| प्रश्न-9. | निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहु-विकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | 1×5=5. |
| | बादल, गरजो!-<br>घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !<br>ललित ललित, काले घुँघराले,<br>बाल कल्पना के से पाले,<br>विद्युत-छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले | |

वज्र छिपा, नूतन कविता

| Q.No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | फिर भर दो – | |
| | बादल, गरजो ! | |
| | (क) यह किस प्रकार का गीत है ? | |
| | (A) संबोधन | |
| | (B) आह्वान | |
| | (C) शोक | |
| | (D) क्रांति | |
| | (ख) कथन – कवि बादल से आग्रह करता है। | |
| | कारण – बदलाव की शक्ति निहित होने के | |
| | कारण। | |
| | (A) कथन गलत है किंतु कारण सही है | |
| | (B) कथन और कारण दोनों गलत है | |
| | (C) कथन और कारण दोनों सही है | |
| | (D) कथन सही है किंतु कारण गलत है। | |
| | | |
| | (ग) 'नवजीवन वाले' किसे कहा गया है ? | |
| | (A) कवि | |
| | (B) बादल | |
| | (C) विद्युत | |
| | (D) कविता | |
| | | |
| | (घ) 'ललित ललित काले घुँघराले' से बादल | |
| | के किस गुण की ओर संकेत है ? | |
| | (A) सुंदरता | |

(B) कठोरता

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | (C) आकर्षक | |
| | (D) ध्वन्यात्मक | |
| | (ङ) 'बादल' किसका प्रतीक है? | |
| | (A) युवा का | |
| | (B) क्रोध का | |
| | (C) अंधकार का | |
| | (D) क्रांति का | |
| प्रश्न-10. | निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 3x2=6 |
| | (क) 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर बताइए कि कवि अपने जीवन की कथा क्यों नहीं बताना चाहता है? | |
| | (ख) सूरदास के पद के आधार पर बताइए कि गोपियाँ ज्ञान मार्ग की बजाय प्रेम मार्ग को पसंद करती थीं? | |
| | (ग) छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल बाँस था कि बबूल - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए? | |
| | (घ) मुख्य गायक के साथ संगतकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, कैसे? | |
| प्रश्न-11. | पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए | 4x2=8 |

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | (क) लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि माता से केवल दूध पीने तक का नाता था ? | |
| | (ख) मेहनतकश बादशाहों का शहर किसे कहा गया है ? इस शहर का सबकुछ - सुबह-शाम और रात सुंदर था, कैसे ? | |
| | (ग) लेखक क्यों लिखता है - मैं क्यों लिखता हूँ पाठ के आधार पर लिखिए। | |
| | खंड - घ | |
| | (रचनात्मक लेखन) | |
| प्रश्न-12 | निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए | 6x1=6 |
| | (क) जल है तो पृथ्वी है | |
| | · जल का महत्व · जल को बचाना आवश्यक · जल कैसे बचाया जाए | |
| | (ख) युवाओं में बढ़ता मानसिक तनाव | |
| | · युवा होने का अर्थ | |
| | · मानसिक तनाव के कारण | |
| | · उसे दूर करने के उपाय | |
| | (ग) पुस्तक पढ़ने की आदत | |
| | · पुस्तक पढ़ना क्यों जरूरी | |
| | · तकनीकी प्रभाव से मुक्त होना | |
| | · स्वास्थ्य के लिए आवश्यक | |

| Q. No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| प्रश्न-13 | (क) आप आलोक / आलोकिता हैं। आपके क्षेत्र से निकलने वाली सड़कें टूटी पड़ी हैं। मुख्य मार्ग तक जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग के सचिव को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए? | 5×1=5. |
| | अथवा | |
| | (ख) आप आलोक/ आलोकिता हैं। आपने विद्यालय की निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अपने पिताजी को विद्यालय की प्रतियोगिता की संपूर्ण जानकारी देते हुए सार्वजनिक लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए? | |
| प्रश्न-14. | (क) आप मेधा / मेधावी हैं। आपने अर्थशास्त्र में स्नातक करने के बाद पत्रकारिता का कोर्स पूरा किया है। किसी प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्र में पत्रकार के पद हेतु आवेदन करने के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत तैयार कीजिए। | 5×1=5. |
| | अथवा | |
| | (ख) आप मेधा/ मेधावी हैं। चेक बुक नहीं मिलने की सूचना देते हुए संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। | |

| Q. No. | Question | Marks |
| --- | --- | --- |
| प्रश्न-15 | डेंगू मच्छर से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए ? | 5x1=5 |
| | अथवा | |
| | आपके कक्षा अध्यापिका को 'राज्य शिक्षक सम्मान' से सम्मानित किया गया है। उन्हें बधाई देते हुए लगभग 50 शब्दों में संदेश लिखिए ? | |